अभियान — शासकीय योजना का लाभ दिलाने का है मकसद

# जीआरपी ने स्टेशन के निराश्रितों का तैयार किया डोजियर





**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन हमदर्द के तहत जीआरपी थाना जबलपुर ने रेलवे स्टेशन परिसर में रहने वाले निराश्रित, असहाय एवं बेघर व्यक्तियों की पहचान कर उनका विस्तृत डोजियर तैयार करने का अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य ऐसे लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर उन्हें सहायता, संरक्षण और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना है। अभियान के दौरान जीआरपी की टीम ने रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालयों और अन्य स्थानों पर रहने वाले निराश्रित व्यक्तियों से संपर्क किया। इस दौरान उनके नाम, पता, आयु, परिजनों की जानकारी, आजीविका के साधन, स्वास्थ्य संबंधी स्थिति, फोटो सहित अन्य आवश्यक विवरण एकत्रित कर व्यवस्थित डोजियर तैयार किया गया।

### परिजनों तक पहुंचने में होगी सहायता

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस जानकारी से भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में संबंधित व्यक्ति की पहचान करने और उसके परिजनों तक शीघ्र पहुंचने में आसानी होगी। जीआरपी के अनुसार अभियान का उद्देश्य केवल रिकॉर्ड तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे लोगों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना भी है। जिन निराश्रितों का परिवार से संपर्क टूट चुका है, उन्हें उनके परिजनों से मिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं जरूरतमंदों को विभिन्न सामाजिक एवं शासकीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें बेहतर जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। साथ ही रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में भी यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि तैयार किए गए डोजियर का समय-समय पर सत्यापन भी किया जाएगा, ताकि जानकारी अद्यतन बनी रहे और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### तत्काल दे जीआरपी को सूचना

इससे स्टेशन परिसर में रहने वाले व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित होगी और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में कार्रवाई में तेजी आएगी। जीआरपी थाना जबलपुर ने यात्रियों और आम नागरिकों से अपील की है कि यदि रेलवे स्टेशन परिसर में कोई निराश्रित, असहाय, लावारिस अथवा मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल जीआरपी को दें, ताकि समय रहते उसे आवश्यक सहायता, संरक्षण और उचित देखभाल उपलब्ध कराई जा सके। पुलिस का मानना है कि जनसहभागिता से ही ऐसे मानवीय अभियानों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

## एक्सिस की टक्कर से दो घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत सिमरिया में एक्सिस की टक्कर से दो लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस के मुताबिक अजय शर्मा 30 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर एक मोटर सायकल से अपने दोस्त शंकर सिंह निवासी करमेता माढ़ोताल के साथ एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस डी 9571 से उसकी मौसी का लड़का विजय कुमार शर्मा निवासी विजयनगर अपने दोस्त अनिल कुमार के साथ जबलपुर से रिश्तेदारी में ग्राम सिमरिया पाटन आये थे रात में सिमरिया से वापस आ रहे थे रात लगभग 11-20 बजे पाटन शहपुरा रोड में सुरैया तिराहा के पास पहुँचे तभी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एसटी 0813 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये विजयशर्मा की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे विजय कुमार शर्मा और अनिल कुमार दोनों एक्टिवा सहित गिर गये दोनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं। घायलों के तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।



# जेल में हमले का बदला लेने बदमाश का हुआ था अपहरण

▸ 3 आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत तिलवारा पुल के ऊपर दो कारों से पहुंचे बदमाशों ने कारें अड़ाकर स्कूटी रोकने के बाद दो दोस्तों को चाकू से गोदने के बाद गैगस्टर अनिराज नायडू हत्याकांड में जेल से छूटे बदमाश को किडनैप कर रांझी ले गए थे जहां उस पर हमला करने के बाद रांझी अस्पताल के बाहर फेंककर फरार हो गए थे।

मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पूछताछ में यह बात सामने आई कि जेल में पूर्व में गैंगवार हुआ था। जिसका बदला लेने के बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया था।

विदित हो कि मोहम्मद कामरन अली 24 वर्ष निवासी नया मोहल्ला ओमती दो जुलाई को साथी राहुल शर्मा के साथ शेरे पंजाब ढाबा तिलवारा में खाना खाने के बाद रात लगभग 2-30 बजे वापस स्कूटी में घर जा रहा था। तिलवारा पुल के ऊपर पीछे से दो कार से अमन कोल, बहत्तर सिंह, निक्की एवं उनके साथी आए और रोककर विवाद करते हुए चाकूबाजी कर दी। कामरन और राहुल घायल हो गए। राहुल शर्मा वहां से भाग गया था इसके बाद बदमाश कामरन को जबरन कार में बैठ कर रांझी ले गए जहां सभी ने उस पर हमला किया था। इसके बाद उसे रांझी अस्पताल के पास छोड़ दिये थे।

**वर्चस्व की लड़ाई में हुई थी हत्या, जेल में हुआ था गैंगवार-** विदित हो कि वर्चस्व की लड़ाई को लेकर कुख्यात अपराधी छोटू चौबे ने साथियों के साथ मिलकर गोली मारकर गैंगस्टर अनिराज नायडू की हत्या की थी। मामले में चौब, कामरान, अनुश्रेय को जेल भेजा गया गया था आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि जेल में गैंगवार हुई थी। पूर्व में जेल में बंद कामरन ने अमन पर हमला किया था। छोटी चौबे को सारंग ने ब्लेड भी मारी थी। अमन सारंग गैंग और कामरन छोटू चौबे गैंग का गुर्गा है। जेल में हमले के बाद से ही अमन ने बदला लेने की योजना बनाई थी।

**चंद्रभान पर 15, अमन पर 15 अपराध है दर्ज-** तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि मामले में अमन कोल, विशाल ठाकुर, चंद्रभान वर्मा उर्फ बहत्तर सिंहको पकड़ा गया, चाकू, इनोवा कार जप्त की गई। आरोपी आपराधिक प्रवृति के हैं आरोपी चंद्रभान वर्मा पर पूर्व से 15 अपराध, अमन के खिलाफ 16 अपराध दर्ज हैं।

### एक नजर में

## 3 तस्कर गिरफ्तार 140 लीटर शराब जब्त

**नवभारत, जबलपुर।** चरगवां पुलिस ने हीरापुर और सोमती केनाल पर घेराबंदी कर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 3 शातिर आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 140 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 14 हजार रुपये आंकी गई है। नगर पुलिस अधीक्षक बरगी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि चरगवां पुलिस को सूचना मिली थी कि हीरापुर नाला के पास दो युवक भारी मात्रा में कच्ची शराब बेचने की फिराक में ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस की गाड़ियों को देखकर दोनों युवकों ने भागने की कोशिश की, लेकिन चारों तरफ से घेराबंदी कर अंशुल मरकाम (21) और श्रीराम बरकड़े (21) दोनों निवासी ग्राम मरहापाठा थाना बरगी को दबोच लिया गया। इनके पास मौजूद केनों की तलाशी लेने पर 70 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। इसी प्रकार हीरापुर नाला की कार्रवाई के तुरंत बाद पुलिस पुलिस ने ग्राम सोमती केनाल के पास रेड मारी। यहाँ से पुलिस ने अंकित कुमार गौंड़ (19), निवासी ग्राम मरहापाठा को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अंकित के पास से भी दो बड़ी केनों में भरी 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे ने बताया कि तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 140 लीटर शराब जब्त की गई है।

## चाकू अड़ा मांगी रंगदारी, बेल्ट से हमला

**जबलपुर।** गोरखपुर थाने में सूरज विश्वकर्मा निवासी नयागांव रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह होटल अनुश्री नौदार में फील्ड वर्क का काम करता है। बीती रात लगभग 1-30 बजे अपनी एक्टिवा से अपने घर जा रहा था जैसे ही तीन पत्ती शिलाकुंज पहुँचा उसे दीपक, शिवांक एवं रूपेश ने रोका, दीपक ने चाकू अड़ाया। तीनों उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो तीनों विवाद करने लगे, हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे, शिवांक ने बेल्ट से हमला कर भाग गए।

## दुकान संचालक को पीटा

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाने में अशोक कुमार तलरेजा निवासी आदर्शनगर गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह चंडी माता मंदिर के सामने वन इंडिया इंटरप्राईसेस के नाम से राशन की दुकान चलाता है मोहल्ले का कल्लू चौधरी व बेटी नायक उसकी दुकान पर आये एवं उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगे, मना किया तो दोनों उसके साथ विवाद कर मारपीट कर दी।

# 300 वर्ष पुराने जानकी रमण मंदिर में गबन के आरोप



**नवभारत, जबलपुर।** शहपुरा तहसील के पिपरिया कला क्षेत्र में स्थित करीब 300 साल पुराने ऐतिहासिक जानकी रमण मंदिर के प्रबंधन में गबन और धांधली का बड़ा मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम मदन सिंह रघुबंशी को एक लिखित शिकायत सौंपकर मंदिर की जमीन, बैंक खातों और पूरे आय-व्यय की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। शिकायत के मुताबिक, साल 1726 में बाबा रामदास द्वारा स्थापित इस मंदिर के पास करीब 30 एकड़ की जमीन है। पहले इसका संचालन 17-18 लोगों की एक बड़ी समिति करती थी, जो हर साल जमीन की नीलामी कर मंदिर की व्यवस्था संभालती थी। समिति के ज्यादातर सदस्यों की मृत्यु के बाद अब केवल तीन लोग दिनेश गोंटिया, शिवदयाल गोंटिया और जगदीश ही बचे हैं, जिन पर मंदिर की संपत्तियों का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगा है।

### बैंक खातों से लाखों रुपये गायब करने और सामान बेचने का दावा

एसडीएम को सौंपी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मंदिर की जरूरी सामग्रियां चोरी-छिपे बेच दी गई हैं और मंदिर के बैंक खाते में जमा करीब 30 से 35 लाख रुपये का गबन किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर के पुराने रिकॉर्ड की सघन जांच हो, मृत सदस्यों की तस्वीरें हटाई जाएं और पारदर्शी संचालन के लिए दोबारा 16-17 सदस्यों की नई समिति बनाई जाए। साथ ही पंचायत की मौजूदगी में मुनादी कराकर खसरा नंबर 376 से जुड़े कागजातों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# गलगला में पान दुकान से 15 लाख की सिगरेट ले गए चोर



**नवभारत, जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत गलगला स्थित पान दुकान का ताला तोड़कर चोर 15 लाख रूपए का माल चुराकर ले गए। चोर सिगरेट से भरे कार्टून चोरी कर ले गए है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर सौरभ जैन 29 वर्ष निवासी दरहाई सराफा कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी गलगला में पान मसाला बीड़ी सिगरेट की दुकान है। बीती रात लगभग अपनी दुकान बंद कर ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह लगभग 10-05 बजे दुकान के बाजू में स्थित किराना वाले अशोक केशरवानी ने फोन कर बताया कि आपकी दुकान के ताले टूटे हुये हैं तो वह दुकान जाकर देखा दुकान के शटर के ताले वाले कुंदे टूटे हुये थे दुकान के अंदर जाकर देखा दुकान में रखी जीपीआई एवं आईटीसी कम्पनी की सिगरेट के 10-12 कार्टून कीमती लगभग 15 लाख रूपये के गायब थे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

### व्यापारियों में आक्रोश, गश्त पर उठाए सवाल

बेलबाग थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी और लूट की घटनाओं को लेकर व्यापारियों में आक्रोश देखा गया। पान मसाला कारोबारियों का आरोप है कि पुलिस की ढीली कार्यप्रणाली के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और क्षेत्र में आए दिन वारदातें हो रही हैं। उन्होंने पुलिस गश्त पर भी सवाल उठाए। व्यापारियों का कहना है कि बेलबाग थाना क्षेत्र में हर एक-दो दिन में चोरी, लूट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन अपराधों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। संघ ने बताया कि तीन दिन पहले ही एक अन्य व्यापारी से 70 हजार रुपये की लूट हुई थी। इसके बावजूद अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

# स्वास्थ्य संस्थाओं में सर्पदंश वैक्सीन की उपलब्ध सुनिश्चित हो : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कम वर्षा से फसलों पर पड़े प्रभाव की जानकारी संकलित करने के निर्देश कृषि अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने वर्षाकाल के दौरान जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में सर्पदंश की वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की हिदायत भी दी। कलेक्टर सिंह सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण का ब्यौरा लिया तथा किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद के वितरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन की समीक्षा भी की तथा अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिहाज से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

श्री सिंह ने वर्षाकाल के दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जल प्लावन की स्थिति से निपटने किये गये इंतेजामों की समीक्षा करते हुए सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थाओं में सर्पदंश की वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि इसकी जानकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी को भी होनी चाहिए, ताकि सर्पदंश के प्रकरण में मरीज को समय पर वैक्सीन मिल सके। कलेक्टर ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति से संबंधित प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा भी लिया तथा उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नीता राठौर एवं रविशंकर राय आदि मौजूद थे।

# अधिकारियों को बताए साइबर क्राइम से बचने के उपाय



**जबलपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभा भवन में सोमवार को मध्य प्रदेश साइबर पुलिस द्वारा साइबरसिक्योर 2026 के तहत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत की मौजूदगी में संपन्न हुए इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को साइबर खतरों के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के आधुनिक तरीकों और मोबाइल ऐप्स के सुरक्षित उपयोग पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते खतरों और उनसे बचने के उपायों के साथ-साथ ऑनलाइन ट्रेडिंग फ्रॉड की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षण के समापन पर साइबर पुलिस द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई, ताकि वे डिजिटल युग में सुरक्षित रह सकें और साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें।

# जबलपुर रेल मंडल को 21 करोड़ से अधिक की कमाई

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में संचालित सघन टिकट जाँच अभियान के उत्कृष्ट परिणाम सामने आए हैं। जिसने रेल मंडल के खजाने को भर दिया है चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के तीन माह (1 अप्रैल से 30 जून 2026) के दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 2 लाख 54 हजार से अधिक अनियमित, बिना टिकट एवं अनबुक्ड लगेज यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 21 करोड़ 78 लाख रुपये से अधिक का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के प्रभावी मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाडियों में निरंतर और लक्षित जाँच अभियान चलाए गए। इन अभियानों में यात्री सुरक्षा, राजस्व संरक्षण तथा अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

### मुख्य उपलब्धियाँ

- बिना टिकट यात्रा पकड़े गए मामले : 1 लाख 16 हजार
- प्राप्त राजस्व 11 करोड़ 77 लाख रुपये से अधिक
- निम्न श्रेणी टिकट पर उच्च श्रेणी में यात्रा पकड़े गए मामले : 1 लाख 35 हजार
- प्राप्त राजस्व : 9 करोड़ 96 लाख रुपये से अधिक
- बिना बुक कराए अतिरिक्त सामान पकड़े गए मामले : 1970
- प्राप्त राजस्व : 3 लाख 51 हजार रुपये

# सौ किसानों को अरहर, उड़द और रागी के उन्नत बीज वितरित



**जबलपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विकासखण्ड कुंडम में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक संतोष वरकड़े ने सौ कुंडम एवं आसपास के लगभग सौ प्रगतिशील किसानों को अरहर और उडद के मिनिकिट तथा प्रदर्शन के लिए रागी के उन्नत किस्म के बीज वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक वरकड़े ने कहा कि खेती में आधुनिक तकनीक और उन्नत बीजों का उपयोग समय की मांग है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जरिए सरकार का मुख्य लक्ष्य दलहन और मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाकर किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है।

**किसानों को दिया तकनीकी मार्गदर्शन-** कार्यक्रम में कृषि अधिकारियों ने किसानों को केवल बीज वितरण ही नहीं किया, बल्कि उन्हें सफल खेती के गुर भी सिखाए। किसानों को उन्नत उत्पादन तकनीक, सही समय पर फसल बोने का महत्व, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए खाद का सही उपयोग तथा कीट और रोगों से फसलों को बचाने के उपाय बताये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एल पी उइके, कृषि विस्तार अधिकारी ऋतेश मालवीय, विकास चौहान, दीपांशु सोनी एवं सुश्री प्रांजलि वर्मा तथा बड़ी संख्या में स्थानीय किसान कार्यक्रम में उपस्थित थे।

अतिक्रमण — तहसील चौक से हाईकोर्ट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक कार्रवाई

# अतिक्रम हटाए, हाईकोर्ट में कराई गई व्यवस्थित पार्किंग



**नवभारत, जबलपुर।** उच्च न्यायालय परिसर एवं आसपास के मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रात: 9 बजे से तहसील चौक से हाईकोर्ट चौक तथा तहसील चौक से पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने तक सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण, जिनमें हाथ ठेले, सब्जी विक्रेता एवं गुमटियां यातायात पुलिस व नगर निगम की संयुक्त कार्यवाही से हटवाये जाकर उच्च न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन स्टाफ के दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों की पार्किंग सड़क के दोनों ओर बनाए गए निर्धारित पार्किंग स्थलों पर व्यवस्थित रूप से कराई गई। इसी प्रकार बीएसएनएल कार्यालय के सामने स्थित मार्ग पर भी अस्थायी अतिक्रमण हटवाकर सड़क के दोनों ओर निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों की पार्किंग कराई गई।

### सिर्फ टूव्हीलर को प्रवेश बाकी मालगोदाम से जाएंगे

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था प्रतिदिन प्रभावी रहेगी। प्रतिदिन प्रात: 11 बजे के बाद तहसील चौक से हाईकोर्ट चौक की ओर केवल दुपहिया वाहन एवं उच्च न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ताओं एवं अधिकृत स्टाफ के वाहनों को ही प्रवेश दिया जाएगा। अन्य सभी तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों को हाईकोर्ट क्षेत्र की ओर जाने के लिए मालगोदाम चौराहा मार्ग का उपयोग करना होगा। व्यवस्था के सफल संचालन में अधिवक्ताओं, न्यायालयीन स्टाफ एवं आम नागरिकों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशानुसार, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी के नेतृत्व में उप पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक संगीता डामोर, थाना प्रभारी घमापुर निरीक्षक शशि धुर्वे, सूबेदार रोहित तिवारी, श्रीमती रोशनी केशरवानी सहित यातायात पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी द्वारा की गई।

# स्कूलों के 100 मीटर के दायरे के भीतर पान, गुटखा के ठेले हटाए



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय एनकॉर्ड नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर सिंह ने 15 जुलाई से 31 जुलाई तक शैक्षणिक संस्थानों में चलने वाले नशा मुक्ति अभियान की समय रहते सभी जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अभियान को व्यापक स्वरूप देने के लिए शहर के प्रमुख मॉल, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों, का आयोजन करने तथा इस अभियान से आमजनों को जोड़ने मैराथन जैसी गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्ति का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूलों के 100 मीटर के दायरे के भीतर पान, गुटखा के ठेले-टपरों को हटाने अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि रेल मार्ग से आने वाले मादक पदार्थों पर भी जीआरपी एवं आरपीएफ द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में नशामुक्ति अभियान की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। स्कूलों के अच्छे वक्ताओं द्वारा बच्चों को नशामुक्त के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही हैं। बैठक में अपर कलेक्टर नीता राठौर एवं रविशंकर राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।